आरएमए ने हस्तियों को दिए एचिवर अवार्ड

अमर उजाला ब्यूरो

शिरीष मेहरोत्रा, आशीष खंडेलवाल, आदित्य मूर्ति, दिनेश गोयल सम्मानित

बरेली। रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से शनिवार शाम स्टेशन रोड स्थित एक होटल में आयोजित अवार्ड समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले लोगों और संस्थानों को आरएमए एचिवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया।

समारोह में आरएमए सदस्य शिरीष मेहरोत्रा को उप्र बार एसोसिएशन का अध्यक्ष बनने पर सम्मानित किया गया जबकि बीएल एग्रो के एमडी आशीष खंडेलवाल को बिजनेस लीडरशिप अवार्ड दिया गया। रामा श्यामा पेपर मिल के सीएमडी दिनेश गोयल को इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट, एसआरएमएस ट्रस्ट के

आरएमए एचीवर्स अवार्ड में शहर की प्रमुख हस्तियों का हुआ सम्मान।

आदित्य मूर्ति को चिकित्सा शिक्षा में उल्लेखनीय प्रगति के लिए एचिवर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि युवाओं को प्रबंधन के गुणों के साथ उद्यमिता की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने उद्योग जगत और विश्वविद्यालय को मिलकर काम करने पर बल दिया। जी एंटरटेनमेंट साउथ एशिया के हेड राहुल जौहरी ने कहा, जिले में उद्यमिता और रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

उद्यमी घनश्याम खंडेलवाल ने कहा कि उद्योगों के विकास के लिए कई नई योजनाएं हैं। नए स्टार्टअप शुरू हो रहे हैं जो रोजगार को बढ़ाएंगे। आरएम अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने उपलब्धियां गिनाईं। इस दौरान आरएमए ने अपनी वेबसाइट का विमोचन किया।

समारोह का संचालन डॉ. नीरज सक्सेना व डॉ. स्वतंत्र कुमार ने किया। समारोह में डॉ. एनएल शर्मा, केबी अग्रवाल, केबी जौहरी, उमेश धीरवानी, मोहन गुप्ता, संदीप तिवारी, निखिल अग्रवाल, दिनेश जौहरी, विनय रिषीवाल, दिनेश सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।